# समाचार वाणी

**ख़बर जो करें असर !**

नाशिक | **Monday, 21 September 2026**


# भारतीय शेयर बाजार मे बंड़ा धमाका ! मात्र 10 सेकंड मे 300000000000 रुपए नष्ट हो गए ।


Publisher



Published on 09 May 2025





## भारत-पाकिस्तान युद्ध की स्थिति से शेयर बाजार प्रभावित हुआ है । भारत-पाकिस्तान तनाव बढ़ने से सेसेंक्स 900 अंक से अधिक गिरा । इस प्रकार, निफ्टी 24,100 के करीब पहुंच गया है ।

भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई की है । पाकिस्तान द्वारा जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश सहित भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों पर हमला करने का असफल प्रयास करने के बाद भारत ने पाकिस्तान के प्रमुख शहरों में अपना प्रतिरोध जारी रखा । दोनों देशों में तनावपूर्ण स्थिति है । इस युद्ध जैसी स्थिति से सबसे पहले दोनों देशों के शेयर बाजार प्रभावित हुए हैं । भारतीय शेयर बाजार में बड़ा धमाका हुआ । मात्र 10 सेकंड में 300000000000 रुपए नष्ट हो गए । पाकिस्तान का शेयर बाजार भी ठप्प पड़ गया है ।

'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी शिविरों पर भारत के हवाई हमलों से निवेशकों में भय पैदा हो गया । कराची और लाहौर सहित प्रमुख शहरों में ड्रोनों को मार गिराए जाने की खबर से बाजार में दहशत बढ़ गई । सुबह बाजार खुलते ही भारतीय शेयर बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली । बीएसई सेंसेक्स सूचकांक 925 अंक या 1.2 प्रतिशत गिर गया, जबकि एनएसई का निफ्टी 156 अंक गिरकर 24,117 पर आ गया ।

वैश्विक शेयर बाजारों में मिले-जुले संकेत देखने को मिले । घरेलू इक्विटी बेंचमार्क सूचकांकों में तीव्र गिरावट आई है । स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों में भी गिरावट आई है । कुल मिलाकर बीएसई में लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैप में 3.48 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है, यानी बाजार खुलते ही निवेशकों को 3.48 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ । यदि आप इक्विटी बेंचमार्क सूचकांकों को देखें । बीएसई सेंसेक्स में 879.54 अंकों की गिरावट आई ।

पाकिस्तान शेयर बाजार में भारी गिरावट

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से पाकिस्तान के शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी गई है। कराची स्टॉक एक्सचेंज (केएसई) में गुरुवार को एक घंटे के लिए कारोबार रोक दिया गया, क्योंकि केएसई-100 सूचकांक में 6.3% की गिरावट आई। बाजार में गिरावट: केएसई-30 सूचकांक में 7.2% और केएसई-100 सूचकांक में 6.61% की गिरावट आने से बाजार में दहशत फैल गई। केएसई-100 सूचकांक 22 अप्रैल से अब तक 15,000 अंक गिरकर 1,18,312 से 1,03,060.30 पर आ गया है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.